पहली डिजिटल लोक अदालत की ज्युपीटाईस से साझेदारी

ब्यूरो,नवज्योति/जयपुर। देश की पहली आई.पावर्ड, आधुनिक डिजिटल लोक अदालत का उद्‌घाटन जयपुर में आयोजित 18वें अखिल भारतीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बैठक के दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन उदय उमेश ललित द्वारा किया गया। राजस्थान राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के टेक्नोलॉजी पार्टनर ज्युपीटाईस टेक्नोलॉजीज द्वारा इस डिजिटल लोक अदालत का डिजाइन और अवधारणा विकसित की गई है। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्‌घाटन भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमाना द्वारा कानून एवं न्यायमंत्री किरण रीजीजू और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी में किया गया। दुनिया की पहली जसटेक जस्टिस टेक्नोलॉजी कंपनी ज्युपीटाईस देश के विभिन्न अर्ध.न्यायिक संस्थानों और एडीआर सेंटरों के साथ काम कर रही है ताकि विवादों के निपटान के लिए डिजिटल प्रणाली को अपनाया जा सके। ज्युपीटाईस ने न्यायप्रणाली की मौजूदा समस्याओं को हल करने के लिए गहन अनुसंधान के बाद डिजिटल लोक अदालत की अवधारणा डिजाइन और विकसित की है।

रमन अग्रवाल संस्थापक एवं सीईओ ज्युपीटाईस ने कहा कि हमारा हमेशा से यही मानना रहा है कि तक़नीक के उपयोग द्वारा हम न्याय को सुलभ बनाने के विश्वस्तरीय स्वप्न को साकार कर सकते हैं।